# LEMOA का प्रयोग

## प्रलिम्सि के लयि

LEMOA, एक्सरसाइज़ बोंगोसागर, PASSEX

## मेन्स के लयि

भारत और अमेरकि के मध्य द्वपिक्षीय सहयोग, भारत और बांग्लादेश के मध्य द्वपिक्षीय सहयोग

## चर्चा में क्यों?

पहली बार अमेरकी एयरक्राफ्ट P-8A को LEMOA के अंतर्गत भारतीय द्वीपों तक पहुँच मलिी है। द्वपिक्षीय लॉजसि्टकि्स सपोर्ट एग्रीमेंट के तहत ईंधन भरने के लयि सतिंबर के अंतमि सप्ताह में अमेरकी नौसेना का लंबी दूरी का समुद्री पेट्रोल एयरक्राफ्ट P-8A, अंडमान और नकिोबार द्वीप समूह के पोर्ट ब्लेयर में उतरा।

## प्रमुख बदिु

- यह पहली बार है जब अमेरकी P-8A को ऑपरेशनल टर्नअराउंड के लयि द्वीपों तक पहुँच मलिी है।
- लॉजसि्टकि्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA) के तहत ईंधन भरने के लयि 25 सतिंबर को पी-8A पोर्ट ब्लेयर में था। यह वमिान जापान से आया था और कुछ घंटों के लयि पोर्ट ब्लेयर में रुका।
- इसी दौरान भारत और बांग्लादेश के बीच द्वपिक्षीय अभ्यास का दूसरा संस्करण "एक्सरसाइज़ बोंगोसागर" बंगाल की उत्तरी खाड़ी में शुरू हुआ, जसिके बाद अगले दो दनिों के लयि एक समन्वति गश्ती 'कॉरपैट' (CORPAT) का आयोजन होगा।

## LEMOA क्या है?

- लॉजसि्टकि्स एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (LEMOA) पर भारत ने वर्ष 2016 में हस्ताक्षर कयि थे।
- यह समझौता भारत एवं अमेरकी सेनाओं की एक-दूसरे की सैन्य सुवधिाओं तक पहुँच को आसान बनाता है लेकनि यह इसे स्वचालति या अनविार्य नहीं बनाता है।
- यह समझौता दोनों देशों की सेनाओं को मुख्य रूप से चार क्षेत्रों जैसे- पोर्ट ऑफ कॉल, संयुक्त अभ्यास, प्रशक्षिण और मानवीय सहायता तथा आपदा राहत में सुवधिाएँ प्रदान करता है।
- LEMOA की सबसे बड़ी लाभार्थी भारतीय नौसेना है, जो वदिेशी नौसेनाओं के साथ सबसे ज़्यादा सूचनाओं का आदान-प्रदान और अभ्यास करती है।
- नौसेना का यू.एस.ए. के साथ समुद्र में ईंधन हस्तांतरण के लयि एक ईंधन वनिमिय समझौता है, जो नवंबर में समाप्त होने वाला है।
- SOPs में अमेरकी सेना के लयि संपर्क के बदिुओं को नामति करने और भुगतान हेतु एक आम खाते का नरि्माण करना शामलि है।
- उल्लेखनीय है कि मानक ऑपरेटगि प्रक्रयाि (SOPs) कसिी संगठन द्वारा संकलति चरण-दर-चरण नरि्देशों का एक सेट है, जो कर्मचारयिों को जटलि दनिचर्या का संचालन करने में मदद करती है।
- यह मानक तीनों सेनाओं पर लागू होता है और अब तक तीनों सेनाओं के व्यक्तगित खाते थे जनिसे सैन्य अभ्यास के दौरान भुगतान कयिा जा रहा था।

## हदि महासागर क्षेत्र में भारत का वदिेशी राज्यों के साथ सहयोग

- भारतीय नौसेना पोतों और अमेरकी वमिान वाहक पोतों के बीच जुलाई में PASSEX नामक युद्धाभ्यास प्रस्तावति था, जसिके इस महीने के अंत में संपन्न होने की उम्मीद है।
- भारत के P-8s और यूएस की सबमरीन के मध्य पहले ही एक अभ्यास कयिा गया था। कई देशों ने अंडमान और नकिोबार द्वीपों तक पहुँचने में रुचि व्यक्त की है जो कि मलक्का जलडमरूमध्य के समीप होने के कारण रणनीतकि दृष्टि से अत्यंत महत्त्वपूर्ण है।
- हदि महासागर क्षेत्र और भारत-प्रशांत क्षेत्र में बेहतर समुद्री जागरूकता (एमडीए) के लयि सूचना साझा करने पर केंद्रति द्वपिक्षीय आधार पर क्वाड देशों के साथ भारत की समुद्री जागरूकता संबंधी बातचीत में तेज़ी से वृद्धि हुई है।

- भारत के तीनों देशों ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के साथ लॉजिस्टिक समझौते हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ समुद्री सूचना साझाकरण समझौतों पर भी हस्ताक्षर किये हैं और इसी तरह का एक समझौता यू.एस के साथ भी किया है।

## भारत-अमेरिका के बीच प्रमुख सूचना संधि

- दोनों देशों द्वारा सैन्य सूचना समझौते की सामान्य सुरक्षा (GSOMIA) नामक पहले समझौते पर वर्ष 2002 में हस्ताक्षर किये गए थे।
- हाल ही में दोनों देशों की 2+2 वार्ता के दौरान हस्ताक्षरित COMCASA समझौता, CISMOA के संचार और सूचना से संबंधित भारत-विशिष्ट संस्करण है।
- उल्लेखनीय है कि COMCASA को अमेरिका में CISMOA (Communication and Information Security Memorandum of Agreement) भी कहा जाता है।
- आखिरी समझौता भू-स्थानिक सहयोग (BECA) है जो दोनों देशों के बीच सैन्य और नागरिक उद्देश्यों के लिये स्थल, समुद्री एवं वैमानिकी तीनों प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान में सहायता करने के लिये वैधानिक ढाँचा निर्धारित करेगा।

## बांग्लादेश के साथ युद्धाभ्यास

- एक्स बोंगोसागर, जिसका पहला संस्करण वर्ष 2019 में आयोजित किया गया था, का उद्देश्य व्यापक समुद्री अभ्यास एवं संचालन के माध्यम से अंतर-संचालन एवं संयुक्त परिचालन कौशल विकसित करना है।
- बोंगोसागर नौसैनिक अभ्यास के इस सत्र में दोनों देशों की नौ-सेनाओं के पोत सतह युद्ध अभ्यास, नाविक कला विकास (Seamanship Evolutions) और हेलीकॉप्टर संचालन में भाग लेंगे।
- भारतीय नौसेना की तरफ से स्वदेशी तौर पर निर्मित एंटी-सबमरीन वारफेयर कार्वेट (Anti-Submarine Warfare Corvette) आईएनएस किल्टान (INS Kiltan) और स्वदेश में ही निर्मित गाइडेड-मिसाइल कार्वेट (Guided-Missile Corvette) आईएनएस खुकरी (INS Khukri) इसमें भाग ले रहे हैं।
- वहीं बांग्लादेश की तरफ से बीएनएस अबू बक्र (BNS Abu Bakr) और बीएनएस प्रेटॉय (BNS Prottoy) इस अभ्यास में भाग ले रहे हैं।

## भारत-बांग्लादेश संयुक्त गश्ती (कॉरपैट)

## [IN-BN Coordinated Patrol (CORPAT)]:

- 4 - 5 अक्तूबर, 2020 को बंगाल की खाड़ी में भारतीय नौसेना और बांग्लादेशी नौसेना ने संयुक्त गश्ती (कॉरपैट) के तीसरे संस्करण में हिस्सा लिया।
- इसमें दोनों देशों की नौसैनिक इकाइयों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (International Maritime Boundary Line- IMBL) के अनुरूप संयुक्त रूप से गश्त किया।
  - संयुक्त गश्त करने से दोनों देशों की नौ-सेनाओं के बीच आपसी समझ बेहतर हुई है और गैर-कानूनी गतिविधियों को रोकने के उपायों को लागू करने में तत्परता दिखाई गई है।
- यह एक बहुराष्ट्रीय संधि के बजाय भारतीय नौसेना की एक सामरिक प्रक्रिया है।
- अब तक संयुक्त गश्ती अभ्यास को बांग्लादेश, इंडोनेशिया और थाईलैंड के साथ आयोजित किया गया है।

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/us-navy-maritime-patrol-aircraft-refuels-at-port-blair